# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर
## सम्पदा कार्यालय
**(कक्ष सं.101डी, संकाय भवन, फोन # 0512-259-7166, ईमेल: eoffice@iitk.ac.in)**

## आम के फलों की नीलामी हेतु निविदा

## नीलामी सूचना संख्या - 05/2023-24

दिनांक: 28.04.2023

निदेशक, भा. प्रौ. सं. कानपुर की ओर से संस्थान परिसर में हवाई पट्टी के पीछे स्थित बगिया मे लगे **आम के फलों** की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रम सं. | नाम | वृक्षों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | आम का फल | 32 नग बड़े (पुराने) वृक्ष<br>21 नग छोटे (नए) वृक्ष |

**इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा दिनांक 10.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक संस्थान के सम्पदा कार्यालय, (रूम # 101डी, भूतल, संकाय भवन) में जमा कर सकते है।** इसके उपरांत प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि व समय की सूचना बोलीदाताओं को अलग से दी जाएगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

**प्रतिलिपि:**

1- डीन, प्रशासन
2- अधीक्षण अभियंता, सं.नि.वि. – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु
3- सूचना पट्ट
4- वैबसाइट

**पात्रता संबंधी शर्तें:**

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षो से इस प्रकार के फलों की खरीद व विक्री का कार्य कर रहा हो।
2. निविदाकर्ता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

**निविदा संबन्धित अनिवार्य संलग्नक:**

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र / पैन नंबर की छायाप्रति

## नीलामी की नियम व शर्तें

1. यह नीलामी केवल वित्तीय वर्ष 2023-24 के फलों के लिए है।
2. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ता, निविदा प्रपत्र के साथ रू. 5000/- का बैंक ड्राफ्ट 'रजिस्ट्रार आई.आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप मे संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदाकर्ता रू. 5000/- का ड्राफ्ट संलग्न नहीं करता है नो उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इच्छुक निविदादाता संस्थान के सम्पदा कार्यालय के फोन नंबर 0512-259-7166 पर संपर्क कर दिनांक 01.05.2023 से 09.05.2023 तक के कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के मध्य उक्त फलों का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।
4. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
5. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से नीलामी के दो दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति मे, बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
6. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त फलों को, नीलामी की धनराशि संस्थान मे जमा करने के उपरांत, तोड़ने व ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
7. नीलामी के पश्चात फलों के रखवाली की ज़िम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी।
8. यदि निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों को किसी प्रकार की हानि पहुचाई जाती है तो उसकी निविदा को तत्काल प्रभाव से रद्द करके उसके विरुद्ध उचित कार्यवाई की जाएगी।
9. उक्त फलों को एक दिन के लिए संस्थान परिसर में बाजार भाव से 25% छूट पर बेचना अनिवार्य होगा।
10. जीएसटी मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा।
11. सफल निविदाकर्ता प्राप्त नीलामी को उप-पट्टे पर नहीं दे सकता है। इस कार्यालय को निविदा के उप-पट्टे के बारे मे जानकारी होने की स्थिति में उक्त नीलामी को रद्द कर दी जाएगी तथा पूरी जमा राशि जब्त कर ली जाएगी।

____________________

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

12. नीलामी के दौरान या उसके पश्चात किसी प्राकृतिक आपदा / चोरी / छुटपुट चोरी पक्षियों / जानवरों / कीड़ो इत्यादि से होने वाली नुकसान के लिए संस्थान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी और न ही ऐसे मामलों में कोई क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

13. सफल निविदाकर्ता द्वारा फलो को पेड़ से तुड़वाने का कार्य स्वयं के द्वारा या मजदूरो द्वारा कार्यदिवस मे बाग के प्रभारी / पर्यवेक्षक की देखरेख मे किया जाएगा।

14. निविदाकर्ता द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबन्धित प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत वापस किया जाएगा।

15. संशतन के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी भी अथवा सभी निविदा बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करे अथवा न करे।

मैंने नीलामी संबंधी उपरोक्त नियम व शर्तें पढ़ ली है तथा यह सभी पूर्ण रूप से मान्य है तथा इस नीलामी के संबंध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदाकर्ताओं को समान रूप से मान्य है।

निविदा देने की तारीख: ______________

निविदादाता के हस्ताक्षर: ..............................................

निविदादाता का पूरा नाम: ..............................................

निविदादाता का पूरा पता: ..............................................

..............................................................................

..............................................................................

मोबाइल नंबर: ..............................................

ईमेल: ..............................................

निविदादाता का छायाचित्र

______________

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

सेवा में,
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

**विषय:** संस्थान परिसर मे स्थित हवाई पट्टी के पीछे में लगे आम फलों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मैं नीलामी सूचना संख्या 05/2023-24 दिनांक 28.05.2023 के संबंध मे अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम: ..........................................................................................

पिता का नाम: ..........................................................................................

उम्र: ..........................................................................................

पूरा पता: ..........................................................................................

..........................................................................................

क्या आपने ₹5,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है। हाँ / नहीं

यदि हाँ तो ड्राफ्ट संख्या .......................... दिनांक ............................ एवं बैंक का नाम...........................................

---

**उक्त नीलामी की धनराशि जो आप उपरोक्त आम फलों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।**

अंको में: ..........................................................................................................................

शब्दो में ..........................................................................................................................

मुझे संस्थान द्वारा राखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदादाताओं की अस्वीकृति भी सम्मलित है मान्य है।

दिनांक: .........................

निविदादाता के हस्ताक्षर: ..............................................

निविदादाता का नाम: ....................................................

मोबाइल नं.: ................................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर